# BSEH Practice Paper (March 2025)

**Class: 12th (Senior Secondary)**

**Code: A**

**Roll NO.** | | | | | | | | |

# इतिहास

## History

## [Hindi and English Medium]

## Academic/Open

**Time: 3:00 Hours** **Maximum Marks: 80**

---

## सामान्य निर्देश:

## General Instructions:

**(i)** इस प्रश्न-पत्र में कुल **36** प्रश्न है, जो कि पाँच खण्डों 'क', 'ख', 'ग', 'घ' तथा 'ङ' में विभक्त हैं। **सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

(i) This question-paper contains 34 questions in all, which are divided into **five Sections: 'A', 'B', 'C', 'D' and E. All questions are compulsory**.

(ii) खण्ड **'क'** में प्रश्न संख्या **1 से 21** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। निर्देशानुसार इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(ii) **Section - 'A'** consists of Question Nos. **1 to 21** Objective Type Question,s carrying **1** mark each Answer these questions as per directions.

(iii) खण्ड **'ख'** में प्रश्न संख्या **22 से 29** तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60-80** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(iii) **Section- 'B'** consists of Question Nos. **22 to 29** are Short Answer Type Questions, carrying **3** marks each. Answer to each question should not exceed **60-80** words.

(iv) खण्ड **'ग'** में प्रश्न संख्या **30 से 32** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **300-350** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(iv) **Section- 'C'** consists of Question Nos. **30 to 32** are Long Answer Type Question, carrying **6** marks each. Answer to each question should not exceed **300-350** words.

(v) खण्ड **'घ'** में प्रश्न संख्या **33 से 35** तक चार उप प्रश्नों (i-iv) के साथ स्त्रोत आधारित प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।

(v) **Section- 'D'** consists of Question Nos. **33 to 35** are Source Based Questions with **four** sub question (i-iv) and are of **4** marks each.

(vi) खण्ड **'ङ'** में प्रश्न संख्या **36** मानचित्र आधारित है, जिसके **5** अंक है।

मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।

(vi) **Section- 'E'** consists of Question No. **36** Map based, carrying **5** marks. Attached the map with answer-book.

(vii) कुछ प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प उपलब्ध है। ऐसे प्रश्नों में से आपको **केवल एक** ही प्रश्न करना है।

(vii) An internal choice is available in some questions. You have to attempt **only one** of the given choice in such questions.

**खंड- क (वस्तुनिष्ठ प्रश्न) 1×21=21**

**Section-A (Objective Questions)**

**प्रश्न :1**. वर्तमान में राखीगढ़ी किस राज्य में स्थित है?

(अ) राजस्थान (ब) हरियाणा (स) उत्तर प्रदेश (द) गुजरात

Question: 1. In which state is Rakhigarhi currently located?

(a) Rajasthan (b) Haryana (c) Uttar Pradesh (d) Gujarat

**प्रश्नः 2.** अर्थशास्त्र का लेखक कौन है?

(अ) चंद्रगुप्त मौर्य (ब) कौटिल्य (स) कल्हण (द) बाणभट्ट

Question: 2. Who is the author of Arthashastra?

(a) Chandragupta Maurya (b) Kautilya (c) Kalhan (d) Banabhatta

**प्रश्नः 3.** प्रसिद्ध पुस्तक किताब- उल- हिंद के लेखक कौन है?

(अ) अलबरूनी (ब) इब्नबतूता (स) बर्नियर (द) कौटिल्य

Question: 3. Who is the author of the famous book Kitab-ul-Hind?

(a) Alberuni (b) Ibn Battuta (c) Bernier (d) Kautilya

**प्रश्नः 4.** सांची का स्तूप वर्तमान में कहां स्थित है?

(अ) उत्तर प्रदेश (ब) राजस्थान (स) मध्य प्रदेश (द) छत्तीसगढ़

Question: 4. Where is Sanchi Stupa located at present?

(a) Uttar Pradesh (b) Rajasthan (c) Madhya Pradesh

(d) Chhattisgarh

**प्रश्नः 5.** हंपी नगर किस नदी के किनारे बसा हुआ है?

(अ) कावेरी (ब) तुंगभद्रा (स) कृष्णा (द) सतलुज

Question: 5. Hampi city is situated on the banks of which river?

(a) kaveri (b) Tungabhadra (c) Krishna (d) Sutlej

**प्रश्नः 6.** पांचवी रिपोर्ट ब्रिटिश संसद में कब पेश की गई?

(अ)1816 ई0 (ब)1815 ई0 (स)1813 ई0 (द)1826 ई0

Question: 6. When was the fifth report presented in the British Parliament?

(a) 1816 AD (b) 1815 AD (c) 1813 AD (d) 1826 AD

**प्रश्नः 7. सामान्य सेवा भर्ती अधिनियम किस गवर्नर जनरल के शासनकाल** में पारित किया गया?

(अ) लॉर्ड डलहौजी (ब) लॉर्ड वेलिंगटन (स) लॉर्ड कैनिंग (द) लॉर्ड लिनलिथगो

Question: 7. General Services Recruitment Act was enacted during the reign of which Governor General passed?

(a) Lord Dalhousie (b) Lord Wellington (c) Lord Canning (d) Lord Linlithg

**प्रश्नः 8.** महात्मा गांधी के राजनीतिक गुरु कौन थे?

(अ) स्वामी विवेकानंद (ब) रविंद्र नाथ टैगोर (स) विनोबा भावे

(द) गोपाल कृष्ण गोखले

Question: 8. Who was the political guru of Mahatma Gandhi?

(a) Swami Vivekananda (b) Ravindra Nath Tagore (c) Vinoba Bhave (d) Gopal Krishna Gokhale

**प्रश्नः 9.** प्रभावती गुप्त कौन थी?

Question: 9. Who was Prabhavati Gupta?

**प्रश्नः 10.** अंर्तविवाह से आप क्या समझते हैं?

Question: 10. What do you understand by endogamy?

**प्रश्नः 11.** इब्न बतूता किस सुल्तान के शासनकाल में भारत आया?

Question: 11. During the reign of which Sultan did Ibn Battuta come to India?

**प्रश्नः 12.** कॉलिंग मैकेंजी कौन था?

Question: 12. Who was Collin Mackenzie?

**प्रश्नः 13.** लाहौर अधिवेशन कब हुआ था?

Question: 13. When was the Lahore session held?

**प्रश्नः 14.** सम्राट अशोक द्वारा धम्म प्रचार के लिए नियुक्त अधिकारी_____कहलाता था।

Question: 14. The officer appointed by Emperor Ashoka for propagating Dhamma was called………….

**प्रश्नः 15.** दक्षिण भारत में विष्णु की उपासना करने वालों को _____कहा जाता था।

Question: 15. Used to go to those who worshiped Vishnu in South India are called ………….

**प्रश्नः 16.** स्थायी बंदोबस्त प्रथा 1793 ई0 में ____ ने लागू की।

Question: 16. The Permanent Settlement system was implemented in 1793 AD by ……………

**प्रश्नः 17.** मंगल पांडे को फांसी_____ में दी गई।

Question: 17. Mangal Pandey was hanged in …………

**प्रश्नः 18.** बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना _______ई0 मे हुई।

Question: 18. Banaras Hindu University was established in……..

**प्रश्न 19 से 21 निर्देश** : नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है। इन दोनों कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (A), (B), (C) एवं (D) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए।

**Questions 19 to 21 Instructions:** Given below are two statements, one labeled as

Assertion (A) and the other labeled as Reason (R). Read both these

statements carefully and choose the correct answer from the options (A), (B), (C) and (D) given below.

**प्रश्नः 19.** अभिकथन (A): मनुस्मृति भारत का सबसे प्रसिद्ध विधिग्रन्थ है।

कारण (R): इस ग्रन्थ में राजा को सीमा विवाद से बचने की सलाह दी गई हैं।

(a) अभिकधन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) सही नहीं है।

(d) कारण (R) सही है परन्तु अभिकथन (A) सही नहीं है।

Question: 19. Assertion (A): Manu smriti is the most famous legal text of India. Reason (R): In this text the king has been advised to avoid border disputes.

(a) Both Assertion (A) and Reason are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Assertion (A) and reasons (R). Both are correct but (R) does not explain (A) correctly.

(c) Assertion (A) is correct but the reason is not correct.

(d) Reason is correct but Assertion (A) is not correct.

**प्रश्नः 20.** अभिकथन (A) : 1797 ई0 बर्दवान में एक नीलामी की गई। बर्दवान के राजा द्वारा धारित अनेक महाल (भूसंपदाएँ) बेचे जा रहे थे।

कारण (R) : बर्दवान के राजा पर राजस्व की बड़ी भारी रकम बकाया थी, इसलिए उसकी संपदाएँ नीलाम की जाने वाली थीं।

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) सही नहीं है।

(d) कारण (R) सही है परन्तु अभिकथन (A) सही नहीं है।

Question: 20. Assertion (A): An auction was held in Burdwan in 1797 AD. Many palaces (estates) held by the king of Burdwan were being sold.

Reason (R) : The king of Burdwan owed a huge amount of revenue, so his properties were about to be auctioned.

(a) Both Assertion (A) and Reason are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Assertion (A) and reasons.(R) Both are correct but (R) does not explain (A) correctly.

(c) Assertion (A) is correct but the reason is not correct.

(d) Reason is correct but Assertion (A) is not correct.

**प्रश्नः 21.** अभिकथन (A): असहयोग आंदोलन के दौरान गाँधी जी को मार्च, 1922 में राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

कारण (R) : उन पर जाँच की कार्यवाही की अध्यक्षता करने वाले जज जस्टिस सी. एन. ब्रुमफील्ड ने उन्हें सजा सुनाई।

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) सही नहीं है।

(d) कारण (R) सही है परन्तु अभिकथन (A) सही नहीं है।

Question: 21. Assertion (A): Gandhiji was arrested on charges of treason in March 1922 during the non-cooperation movement.

Reason (R): Justice C.N., the judge presiding over the investigation proceedings against him. Bumfield sentenced him.

(a) Both Assertion (A) and Reason are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Assertion (A) and reasons(R) . Both are correct but (R) does not explain (A) correctly.

(c) Assertion (A) is correct but the reason(R) is not correct.

(d) Reason(R) is correct but Assertion (A) is not correct.

## खंड- ख (लघु उत्तरीय प्रश्न) 3×8=24

## Section-B (Short Answer Questions)

**प्रश्नः 22.** हड़प्पाकालीन जीवन-निर्वाह के मुख्य तरीकों का वर्णन कीजिए।

Question: 22. Describe the main methods of subsistence of the Harappan period.

**अथवा/OR**

हड़प्पाकालीन कृषि प्रौद्योगिकी का वर्णन कीजिए।

Describe the agricultural technology of the Harappan period.

**प्रश्नः 23.** अशोक के अभिलेखों के ऐतिहासिक महत्त्व पर टिप्पणी लिखिए।

Question: 23. Write a comment on the historical importance of Ashoka's inscriptions.

**प्रश्नः 24. महायान और हीनयान में तीन अंतर बताइए?**

Question: 24. Tell three differences between Mahayana and Hinayana?

**प्रश्नः 25. बर्नियर कौन था? उसकी पुस्तक का क्या नाम था?**

Question: 25. Who was Bernier? What was the name of his book?

**प्रश्नः 26. सूफ़ी शब्द से क्या अभिप्राय है?**

Question: 26. What is meant by the word Sufi?

**अथवा/OR**

चिश्ती उपासना की दो विधियों का वर्णन करे।

Describe two methods of Chishti worship.

**प्रश्नः 27. महानवमी डिब्या क्या था? यह किसलिए महत्वपूर्ण था?**

Question: 27. What was Mahanavami Dibya? Why was this important?

**प्रश्नः 28. मंगल पांडे कौन था?**

Question: 28. Who was Mangal Pandey?

**प्रश्नः 29. चम्पारण सत्याग्रह पर एक टिप्पणी लिखिए।**

Question: 29. Write a note on Champaran Satyagraha.

**अथवा /OR**

अहमदाबाद मिल हड़ताल पर एक संक्षिप्त नोट लिखिए।

Write a short note on Ahmedabad Mill Strike.

**खंड- ग ( निबंधात्मक प्रश्न)** **3×6=18**

**Section-D (Essay Questions)**

**प्रश्नः 30.** हड़प्पाई समाज में शासकों द्वारा किए जाने वाले सम्भावित कार्यों की चर्चा कीजिए।

Question: 30. Discuss the possible tasks performed by the rulers in the Harappan society.

**अथवा /OR**

सिंधु घाटी सभ्यता की सामाजिक एवं धार्मिक विशेषताओं का वर्णन करें?

Describe the social and religious characteristics of Indu Valley Civilization?

**प्रश्नः 31.** सिक्ख धर्म की प्रमुख शिक्षाओं का वर्णन कीजिए।

Question: 31. Describe the main teachings of Sikhism.

**अथवा/OR**

चर्चा कीजिए कि अलवार, नयनार और वीरशैवों ने किस प्रकार जाति प्रथा की आलोचना प्रस्तुत की?

Discuss how Alvars, Nayanars and Veerashaivas presented criticism of the caste system?

**प्रश्नः 32.** 1857 ई. के विद्रोह के परिणामों का विश्लेषण करें?

Question: 32. Analyze the results of the rebellion of 1857 AD?

**अथवा/OR**

1857 विद्रोह के स्वरूप का वर्णन करें?

Describe the nature of the 1857 rebellion?

**खंड- घ ( स्रोत आधारित प्रश्न)** **3×4=12**

**Section-c (Source Based Question)**

**प्रश्नः 33.** विवाह के आठ प्रकार

यहाँ मनुस्मृति से पहली, चौथी, पाँचवीं और छठी विवाह पद्धति का उदाहरण दिया जा रहा है:

**पहली**- कन्या का दान बहुमूल्य वस्त्रों और अलंकारों से विभूषित कर उसे वेदज्ञ वर को दान दिया जाए जिसे पिता ने स्वयं आमंत्रित किया हो।

**चौथी**- पता वर-वधू युगल को यह कहकर संबोधित करता है कि: "तुम साथ मिलकर अपने दायित्वों का पालन करो।" तत्पश्चात वह वर का सम्मान कर उसे कन्या का दान करता है।

**पाँचवी**- वर को वधू की प्राप्ति तब होती है जब वह अपनी क्षमता व इच्छानुसार उसके बांधवों को और स्वयं वध् को यथेष्ट धन प्रदान करता है।

**छठीं**- स्त्री और पुरुष के बीच अपनी इच्छा से संयोग... जिसकी उत्पत्ति काम से है....

**प्रश्नः**

1. मनुस्मृति क्या है?

2. धर्मशास्त्रों में कितने प्रकार के विवाह का वर्णन किया गया है?

3. उस विवाह पद्धति का नाम बताइए जिसमें पिता वेदज्ञ वर से अपनी कन्या का विवाह करता है?

**Question: 33.** Eight types of marriage

Here is an example of first, fourth, fifth and sixth marriage system from Manu smriti:

**First-** The daughter should be adorned with precious clothes and ornaments and donated to a groom knowledgeable in Vedas who has been invited by the father himself.

**Fourth -** The address addresses the bride and groom couple by saying: "You must fulfil your responsibilities together." After that, he respects the groom and donates his daughter to him.

**Fifth-** The groom gets the bride when, according to his ability and desire, he provides sufficient money to her relatives and to the bride herself.

**Sixth** - The union between a man and a woman of their own free will... which originates from sex...

Question:

1. What is Manu Smriti?
2. How many types of marriage are described in the scriptures?
3. Name the marriage system in which the father marries his daughter to a Vedagya groom?

**प्रश्नः 34.** 1665 ई. में अपने राजस्व अधिकारी को औरंगजेब के द्वारा दिये गए हुक्म का एक अंशः

वे परगनाओं के अमीनों को निर्देश दें कि वे हर गाँव, हर किसान (आसामी) के बावत खेती के मौजूदा हालात (मौजूदात) पता करें, और बारीकी से उनकी जाँच करने के बाद सरकार के वित्तीय हितों (किफायत) व किसानों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए जमा निर्धारित करें।

**प्रश्नः**

1. औरंगजेब कौन था?

2. औरंगजेब ने अपने राजस्व अधिकारियों को क्या आदेश दिया था?

3. 'जमा' से क्या अभिप्राय है?

**Question: 34.** An excerpt from the order given by Aurangzeb to his revenue officer in 1665 AD:

They should direct the Amins of the Parganas to find out the existing conditions of farming in respect of every village, every farmer (Assami wise), and after examining them closely, keep in mind the financial interests of the government (economy) and the welfare of the farmers, evaluate and decide the Jamaa.

Question:

1. Who was Aurangzeb?

2. What orders did Aurangzeb give to his revenue officers?

3. What is meant by 'Jamaa'?

**प्रश्नः 35.** "जी नहीं, असली अल्पसंख्यक इस देश की जनता है"

जवाहरलाल नेहरू द्वारा प्रस्तुत किए गए उद्देश्य प्रस्ताव का स्वागत करते हुए एन.जी. रंगा ने कहा था :

महोदय, अल्पसंख्यकों के बारे में बहुत बातें हो रही हैं। असली अल्पसंख्यक कौन हैं ? तथाकथित पाकिस्तानी प्रांतों में रहने वाले हिंदू, सिख और यहाँ तक मुसलमान भी अल्पसंख्यक नहीं हैं। जी नहीं, असली अल्पसंख्यक तो इस देश की जनता है। यह जनता इतनी दबी-कुचली

और इतनी उत्पीड़ित है कि अभी तक साधारण नागरिक के अधिकारों का लाभ भी नहीं उठा पा रही है। स्थिति क्या है ? आप आदिवासी इलाकों में जाइए। उनके अपने कानूनों, उनके जनजातीय कानूनों, उनकी ज़मीन को उनसे नहीं छीना जा सकता। लेकिन हमारे व्यापारी वहाँ जाते हैं, और तथाकथित मुक्त बाज़ार के नाम पर उनकी ज़मीन छीन लेते हैं। भले ही कानून ज़मीन की इस बेदखली के खिलाफ हो, व्यापारी इन आदिवासियों को तरह-तरह के बंधनों में जकड़कर गुलाम बना लेते हैं और पीढ़ी-दर-पीढ़ी दासता के नर्क में ढकेल देते हैं। आइए अब आम गाँव वालों को देख लेते हैं। वहाँ सूदखोर पैसा लेकर जाता है और गाँव वालों को अपनी जेब में डाल लेता है। वहाँ ज़मींदार हैं और मालगुजार व अन्य विभिन्न लोग हैं जो इन ग़रीब देहातियों का शोषण करते हैं। इन लोगों में मूलभूत शिक्षा तक नहीं है। असली अल्पसंख्यक यही लोग हैं जिन्हें सुरक्षा और सुरक्षा का आश्वासन मिलना चाहिए। उन्हें आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने के लिए केवल इस प्रस्ताव से काम चलने वाला नहीं है... ।

**प्रश्नः**

1. इस उद्धरण को पढ़ने के बाद आप असली अल्पसंख्यक किसे कहेंगे?
2. आदिवासी इलाकों में आदिवासियों की जमीन किस वर्ग के लोग छीन रहे हैं?

3."असली अल्पसंख्यक इस देश की जनता है" एन. जी. रंगा के इस कथन का विश्लेषण कीजिए।

"The real minorities are the masses of this country"

Welcoming the Objectives Resolution introduced by Jawaharlal Nehru, N.G. Ranga said:

Sir, there is a lot of talk about minorities. Who are the real minorities? Not the Hindus in the so-called Pakistan provinces, not the Sikhs, not even the Muslims. No, the real minorities are the masses of this country. These people are so depressed and oppressed and suppressed till now that they are not able to take advantage of the ordinary civil rights. What is the position? You go to the tribal areas. According to law, their own traditional law, their tribal law, their lands cannot be alienated. Yet our merchants go there, and in the so-called free market they are able to snatch their lands. Thus, even though the law goes against this snatching away of their lands, still the merchants are able to turn the tribal people into veritable slaves by various kinds of bonds, and make them hereditary bond-slaves. Let us go to the ordinary villagers. There goes the money-lender with his money and he is able to get the villagers in his pocket. There is the landlord himself, the zamindar, and the malguzar and there are the various other people who are able to exploit these poor villagers. There is no elementary education even among these people. These are the real minorities that need protection and assurances of protection. In order to give them the necessary protection, we will need much more than this Resolution ...

Question:

1. After reading this quote, who will you call the real minority?
2. Which class of people are snatching away the land of tribals in tribal areas?
3. "The real minority is the people of this country" N. Yes. Analyse this statement of Ranga.

**खंड- ड़ ( मानचित्र आधारित प्रश्न) 5**

**Section-D (Map Based Questions)**

**प्रश्नः 36**. दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर निम्न स्थानों को उनके नाम के साथ अंकित कीजिए।

(1) हड़प्पा सभ्यता का सबसे उत्तरी दिशा में स्थित स्थल कौन सा है?

(2). मत्स्य

(3). वह स्थान जहां महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था।

(4). मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह कहाँ स्थित है?

(5). वह स्थान जहाँ पर जलियांवाला बाग हत्याकांड हुआ था।

Question 36. Mark the following places with their names on the given political outline map of India.

(1) Which is the northernmost site of the Harappan civilization?

(2). Matsya

(3). The place where Mahatma Buddha gave his first sermon.

(4). Where is the Dargah of Moinuddin Chishti located?

(5). The place where the Jallianwala Bagh massacre took place.